राजस्थान सरकार
सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग

जी–3/1 अम्बेडकर भवन, राजमहल पैलेस के पास, जयपुर

क्रमांकः–एफ.1(2)(03222)स्था./सान्याअवि/2024/ जयपुर, दिनांकः–यथा ई–हस्ताक्षर

विज्ञप्ति

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा आयोजित छात्रावास अधीक्षक ग्रेड–।। सीधी भर्ती–2024 का दिनांक 15.10.2024 को परिणाम जारी कर उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की वरीयता सूची सह परीक्षा परिणाम सूची विभाग को प्रेषित की है। विभाग द्वारा विज्ञापित रिक्त पदों के विरूद्ध लगभग 2 गुणा अभ्यर्थियों को पात्रता की जांच एवं दस्तावेज सत्यपन के लिए सूचीबद्ध किया गया है। उक्त सूचीबद्ध अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की अधिकारिक वेबसाईट पर दिनांक 31.12.2024 से 06.01.2025 तक ऑनलाईन विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा फॉर्म मय समस्त दस्तावेज भरना सुनिश्चित करें। उक्त सूचीबद्ध अभ्यर्थियों की पात्रता की जांच एवं दस्तावेजों का सत्यापन दिनांक 15.01.2025 से दिनांक 27.01.2025 तक प्रातः 9.30 बजे से निदेशालय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जी–3/1 अम्बेडकर भवन, राजमहल पैलेस के पास, जयपुर में किया जावेगा। सूचीबद्ध अभ्यर्थी निर्धारित दिनांक एवं समय पर पात्रता जांच हेतु विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा फॉर्म की प्रति एवं मय स्व प्रमाणित दस्तावेज व समस्त मूल दस्तावेजों के साथ आवश्यक रूप से निदेशालय में उपस्थित होने की दिनांक के संबंध में विस्तृत सूचना सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की वेबसाइट www.sje.rajasthan.gov.in एवं राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर की वेबसाइट www.rssb.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। कृपया उक्त बेवसाइट का अवलोकन नियमित रूप से करते रहे।

(बचनेश कुमार अग्रवाल)
निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव

क्रमांकः–एफ.1(2)(03224)स्था./सान्याअवि/2024/ जयपुर, दिनांकः–यथा ई–हस्ताक्षर

1. आयुक्त, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग को उक्त विज्ञप्ति को राजस्थान पत्रिका एवं दैनिक भास्कर के राज्य संस्करण में प्रकाशित करवाने हेतु।
2. सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर।
3. सहायक निदेशक (प्रचार–प्रसार), मुख्यालय को उक्त विज्ञप्ति को राजस्थान पत्रिका एवं दैनिक भास्कर के राज्य संस्करण में प्रकाशित करवाने हेतु।
4. कार्यालय पत्रावली।

निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव

Signature Not Verified

Digitally signed by Bachanesh Kumar Agrawal
Designation : Director
Date: 2024.12.26 14:17:46 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 12640463